राज्यपाल सचिवालय
राज भवन,  जयपुर

# राज्यपाल की हरित क्रांति के जनक एम.एस स्वामीनाथन के निधन पर शोक संवेदना

जयपुर, 28 सितंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने महान कृषि वैज्ञानिक और देश में हरित क्रांति के जनक एम.एस स्वामीनाथन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कृषि विज्ञान और कृषि चिंतन के क्षेत्र में उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है।

उन्होंने पुण्यात्मा की शांति और उनके परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

------